शनिवार
16 सितंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



शिक्षा मंत्री ने रामचरितमानस की तुलना पोटेशियम साइनाइड से की 2



# पटना के फतुहा में 400 रुपए के लिए 40 राउंड फायरिंग, तीन लोगों की मौत, एक घायल

- फतुहा अनुमंडल के सुरगापर गांव में गुरुवार की रात की घटना
- 400 रुपए दूध के बकाये के लेकर हुआ खूनी संघर्ष
- घटना के बाद पुलिस ने 12 लोगों को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

पटना से लगभग 30 किमी दूर फतुहा अनुमंडल के सुरगा गांव में गुरुवार की रात 400 रुपए दूध के बकाये के लेकर हुए खूनी संघर्ष में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक जिंदगी और मौत से एनएमसीएच में जूझ रहा है। बताया जा रहा है दो गुटों के बीच के विवाद में 40 राउंड से अधिक फायरिंग हुई। इस दौरान सुरगा गांव गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज रहा था। गोलियों की गूंज से गांव के लोगों में दहशत का माहौल कायम हो गया। जानकारी के अनुसार फतुहा थाना इलाके के सुगार्पार और निआजीपुर के रहने वाले एक ही समुदाय के लोग आपस में ऐसे भिड़े कि कुछ ही देर में बदूंकें गरजने लगीं। विवाद भले ही दूध के बकाए को लेकर हुआ लेकिन इसके पीछे की वजह को जमीन विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।

घटना के बाद एक्शन में आई पुलिस ने अबतक 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने हथियार भी बरामद किए हैं। पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने 12 लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया है कि अब तक की जांच में स्पष्ट हो चुका है कि दोनों पक्षों के बीच पूर्व से ही जमीन को लेकर विवाद चल रहा था लेकिन लेकिन गुरुवार की रात हुई तीन लोगों की हत्या का कारण दूध के बकाया 400 रुपए थे, जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ था। घटना को लेकर एडीजी जेएस गंगवार ने कहा है कि पैसों के विवाद को लेकर दोनों पक्षों के चार लोगों को गोली लगी। जिसमें तीन की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई, जबकि एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में सुरगा गांव निवासी जय सिंह (50), शैलेश कुमार (35) और प्रदीप कुमार (30) शामिल हैं जबकि घायल मिंटू कुमार (22) का इलाज पटना के नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद ग्रामीण एसपी, फतुहा डीएसपी और कई थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे। लेकिन तब तक तीन लाशें गिर चुकी थीं। फिलहाल पुलिस इलाके में कैंप कर रही है। पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच कर रही है। दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष के बाद गांव ही नहीं पूरे इलाके में तनाव का माहौल है। सवाल पुलिस प्रशासन पर भी है और न्याय व्यवस्था पर भी।





## शुरू में बेहद प्रगाढ़ रिश्ते थे दोनों परिवारों के बीच

पटना से सटे फतुहा थाना क्षेत्र में सुरगापर गांव है, यहीं पर दो परिवारों के बीच काफी समय से आपसी विवाद चल रहा था। एक पक्ष से प्रदीप, तो दूसरे पक्ष से जय सिंह थे। दोनों परिवारों में जमीनी विवाद का झगड़ा भी काफी दिनों से चल रहा था। लेकिन बीती रात दूध के बकाये महज 400 रुपये के खातिर दोनों परिवार खून के प्यासे हो गये। पहले मामले मारपीट और पंचायती तक पहुंचा था। इसी दौरान अचानक ही दोनों पक्ष के लोगों ने बंदूकें निकाल लीं। आमने-सामने आए दोनों ही परिवारों के लोगों को गोलियां लगीं। इनमें से एक परिवार के दो लोगों की जान गई, वहीं दूसरे पक्ष से एक शख्स की मौत हो गई। बताया जा रहा कि जिनके दो पक्षों के बीच फायरिंग हुई उनके बीच शुरू में बेहद प्रगाढ़ रिश्ते थे। हालांकि, धीरे-धीरे उनके बीच विवाद बढ़ने लगा और फिर ये हालात ऐसे हो गए कि दोनों परिवार से जान तक चली गई।

## लखनऊ में आयोजित समिट में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

# भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में तत्परता से कार्य कर रहा यूपी

- सीएम योगी इंडियन स्टील एसो. द्वारा आयोजित समिट में हुए शामिल
- मुख्यमंत्री ने कहा- उत्तर प्रदेश में निवेश का बेहतरीन वातावरण
- निवेशकों को किया आश्वस्त, निवेश की सुरक्षा की गारंटी सरकार की
- निवेश सारथी पोर्टल के माध्यम से की जा रही यूपी सरकार के साथ होने वाले एमओयू की मॉनिटरिंग

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है। सही मायने में कहा जाए तो यूपी अब भारत की विकास यात्रा का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सीएम योगी शुक्रवार को इंडियन स्टील एसोसिएशन द्वारा होटल ताज में आयोजित समिट को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश का बेहतरीन वातावरण है। सीएम योगी ने निवेशकों आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके निवेश की सुरक्षा की गारंटी सरकार की है। इसके साथ ही उन्होंने निवेशकों को सरकार की तरफ से हर तरह का सहयोग दिए जाने की बात भी कही।

**देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो प्लेटफार्म उत्तर प्रदेश के पास:** सीएम योगी ने कहा कि विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। आज प्रदेश में पर्व और त्योहारों में कोई दंगा-फसाद नहीं होता है। वीवीआईपी की विजिट बहुत सुरक्षित और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होती है। 2019 के प्रयागराज कुंभ में 24 करोड़ श्रद्धालु आए थे, लेकिन कहीं कोई आराजकता नहीं फैली। उन्होंने कहा कि इज ऑफ डूइंग बिजनेस में यूपी ने एक लंबी छलांग लगाई है। आज निवेश मित्र के रुप में देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो प्लेटफार्म उत्तर प्रदेश के पास है। सीएम योगी ने कहा कि 25 सेक्टर की पॉलिसी उप्र ने जारी की है। यूपी सरकार के साथ होने वाले एमओयू की मॉनिटरिंग निवेश सारथी पोर्टल के माध्यम से की जा रही है।



### यूपी में ग्रीनफील्ड ईवी विनिर्माण इकाई स्थापित करेगा अशोक लीलैंड

**लखनऊ।** दुनिया की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निमार्ता कंपनी अशोक लीलैंड उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक बस निर्माण की इकाई लगाएगी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में अशोक लीलैंड और उत्तर प्रदेश सरकार के बीच इस आशय के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए। विशेष अवसर पर उत्तर प्रदेश में अशोक लीलैंड का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज का दिन उत्तर प्रदेश के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा।

### आज हम 10 घंटे में पहुंच सकते हैं दिल्ली से पटना

सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बेहतर हो चुकी है। 2017 के पहले प्रदेश में मात्र दो एयरपोर्ट क्रियाशील थे। आज नौ एयरपोर्ट हैं, जिनमें तीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। इस वर्ष के अंत तक हम लोग 10 नए एयरपोर्ट को क्रियाशील कर देंगे, जिनमें अयोध्या और जेवर दो नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट होंगे। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में काफी कार्य हुए हैं। वर्तमान में 13 एक्सप्रेस-वे संचालित और प्रस्तावित हैं। कोरोना महामारी के दौरान हमने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निर्माण की कार्रवाई को आगे बढ़ाया है। इस एक्सप्रेस-वे के माध्याम से आज हम दिल्ला से पटना दस घंटे में पहुंच सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड उत्तर प्रदेश का आर्थिक रूप से सबसे विपन्न क्षेत्र माना जाता था। आज यह क्षेत्र भी एक्सप्रेसवे से जुड़ चुका है। अब पांच घंटे में दिल्ली से चित्रकूट की यात्रा कर सकते हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे का भी कार्य भी तेजी के साथ चल रहा है, जिसे हम 2025 तक पूरा कर लेंगे।

### युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगा डेविस कप का आयोजन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लिए यह अत्यंत स्मरणीय क्षण है कि लगभग 23 वर्षों के बाद डेविस कप के रूप में एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ में होने जा रहा है। पूरा विश्वास है कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों से और मोरक्को से आए हुए खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश के अंदर इस आयोजन के साथ जुड़ने में आनंद की अनुभूति होगी और आपके खेलों के माध्यम से देश और प्रदेश के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक होने और इसके माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त होगी। ये बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप 2 में भारत और मोरक्को के बीच होने वाले मैचों की ड्रॉ सेरेमनी के अवसर पर कहीं। इससे पूर्व सीएम योगी ने ड्रॉ खोलकर मैचों के शेड्यूल का भी ऐलान किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने डेविस कप के लिए लखनऊ आए विशिष्ट अतिथियों को ओडीओपी उपहार देकर सम्मानित किया। इनमें पूर्व टेनिस लीजेंड विजय अमृतराज भी शामिल रहे।

## 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाया है। यह सत्र 18 से 22 सितंबर तक चलेगा। सरकार का कहना है कि इस सत्र का मुख्य उद्देश्य आजादी के बाद बीते 75 साल की उपलब्धियों पर चर्चा करने का है। इसमें चार विधेयकों को पास कराने की कोशिश की जाएगी। संसद में जिन चार विधेयकों पर चर्चा होगी, उसमें एक विधेयक सबसे खास है और वो है मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त विधेयक, 2023। इस पर पहले राज्यसभा में चर्चा होगी।

## निपाह वायरस का केस मिलने के बाद सरकार सतर्क

**एजेंसी/तिरुवनंतपुरम**

देश में निपाह वायरस के केस मिलने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। आईसीएमआर (क्ळटफ) के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने शुक्रवार को बताया कि निपाह के प्रकोप को रोकने के प्रयास जारी हैं। सभी संक्रमित व्यक्ति इंडेक्स पेशेंट (पहला संक्रमित मरीज) के संपर्क में आए थे। आईसीएमआर डीजी राजीव बहल ने कहा कि निपाह में संक्रमित लोगों की मृत्यु दर बहुत अधिक है। ये 40 से 70 प्रतिशत के बीच है जबकि कोविड की मृत्यु दर 2-3 प्रतिशत थी। बता दें कि, शुक्रवार को केरल के कोझिकोड जिले में निपाह वायरस से संक्रमण के एक और मामले की पुष्टि हुई है।

**39 वर्षीय व्यक्ति में हुई निपाह वायरस की पुष्टि:** राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि 39 वर्षीय व्यक्ति के नमूने में निपाह वायरस से संक्रमण की पुष्टि हुई है। वह एक अस्पताल में निगरानी में है। व्यक्ति एक संक्रमित मरीज के सीधे संपर्क में आया था जिसकी 30 अगस्त को संक्रमण से मृत्यु हो गई थी। एक बयान में कहा गया कि व्यक्ति ने एक निजी अस्पताल में इलाज की मांग की थी। पीटीआई के अनुसार, नए मामले के साथ ही कोझिकोड में निपाह संक्रमण के कुल मामलों की संख्या छह हो गई है। उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण राज्य सरकार ने उन सभी लोगों की जांच का फैसला किया जो संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए हैं और जिनके संक्रमित होने का जोखिम अधिक है। ये चौथी बार है जब केरल में निपाह वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है।




## कांग्रेस की नई कार्यसमिति की पहली बैठक आज, जुटेंगे विपक्ष के सभी दिग्गज नेता

# बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर बनेगी रणनीति

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस की नई कार्यसमिति की पहली बैठक शनिवार को हैदराबाद में होगी, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगे की रणनीति, विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की एकजुटता को आगे ले जाने, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और कई अन्य विषयों पर चर्चा होगी।

कांग्रेस ने गत 20 अगस्त को अपनी कार्य समिति का पुनर्गठन किया था जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री



मनमोहन सिंह और राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं। कार्य समिति में 39 सदस्य, 32 स्थायी आमंत्रित सदस्य और 13 विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल किए गए हैं। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के अगले दिन विस्तारित कार्य समिति की बैठक होगी। इसमें कार्य समिति के सभी सदस्यों के अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और कई अन्य वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। कार्य समिति की बैठक के बाद 17 सितंबर को हैदराबाद के निकट एक जनसभा भी होगी जिसे पार्टी के शीर्ष नेता संबोधित करेंगे। सूत्रों का कहना है कि इसमें आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार को घेरने की रणनीति, विपक्षी गठबंधन इंडिया की एकजुटता को आगे ले जाने, संगठन को मजबूत करने जैसे विषयों पर चर्चा होगी। सूत्रों ने यह भी बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण को लेकर भी इस कार्य समिति में चर्चा हो सकती है।

माना जा रहा है कि कार्य समिति की बैठक, जनसभा और मार्च के जरिये कांग्रेस तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान का विधिवत आगाज करेगी। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक ऐसे समय होने जा रही है जब उसने और दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने मिलकर विपक्षी गठबंधन इंडिया का गठन किया है। इंडिया के घटक दलों ने फैसला किया है कि वे अगला लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे और जहां तक संभव हो सकेगा सीटों पर तालमेल करेंगे।

CMYK

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनएमसीएच में विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास

# एनएमसीएच में तीन माह में तैयार होगा 100 बेड का ऑक्सीजन पाइपलाइनयुक्त भवन

♦ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनएमसीएच में एकीकृत इकाई का निरीक्षण कर वहां की कार्य पद्धति एवं व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में शिलापट्ट अनावरण कर विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना के परिसर में एकीकृत लॉन्ड्री तथा 100 शय्यावाले प्री-फैब फिल्ड अस्पताल का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने लॉन्ड्री भवन के प्रथम तल पर प्रस्तावित 100 शय्यावाले प्री-फैब फिल्ड अस्पताल का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में एकीकृत लॉन्ड्री सुविधा का शुभारंभ करने के पश्चात इस एकीकृत इकाई का निरीक्षण किया और वहां की कार्य पद्धति एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संस्थानों में उपयोग में लाई जानेवाली चादर, तौलिए एवं अन्य कपड़ों की धुलाई तथा गुणवत्तापूर्ण साफ-सफाई को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्विक क्लीन एजेंसी को एकीकृत व्यवस्था संचालित करने के लिए अधिकृत किया गया है। यह इकाई अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है, जिसकी क्षमता 12-14 टन प्रतिदिन है। यह इकाई देश के साथ-साथ बिहार की भी सबसे बड़ी एवं प्रथम इकाई है।




मुख्यमंत्री ने नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल परिसर में फ्री-फैब तकनीक से निर्मित 100 शय्या के फिल्ड अस्पताल भवन का उद्घाटन किया। सभी 100 शय्या पर ऑक्सीजन पाइपलाइन के माध्यम से ऑक्सीजन आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। इस भवन में 6 चिकित्सक कक्ष, 7 नर्स स्टेशन के अतिरिक्त 1 ऑपरेशन थियेटर 1 एक्स रे कक्ष, आइसोलेशन कक्ष, व्यायाम कक्ष एवं ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर की व्यवस्था की गई है। इस अस्पताल में भी उसी तरह की सारी सुविधाओं की व्यवस्था होगी। इस परियोजना को तीन महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह, बिहार चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दिनेश कुमार, पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं चिकित्सकगण उपस्थित थे।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज झंझारपुर में रैली को करेंगे संबोधित

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह 16 दिसंबर को बिहार के झंझारपुर आ रहे हैं। यहां वह भाजपा की एक रैली को संबोधित करेंगे। अमित शाह के बिहार दौरे से पहले गुरुवार को भाजपा कोर कमेटी की बैठक होटल मौर्य में आयोजित हुई। इस बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विजय सिन्हा, राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह,संजय जायसवाल सहित पार्टी के अन्य बड़े नेता शामिल हुए। भाजपा कोर कमेटी के बैठक का नेतृत्व बीजेपी बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने किया।

बैठक के दौरान गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय नीतीश कुमार पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि सनातन सत्य है। सनातन को समाप्त करने वाले खुद मिट जाएंगे। सनातन सेवा है, सनातन सदाचार है। सनातन भारत की संस्कृति का मूल आधार है। वहीं केन्द्रीय मंत्री सह सांसद गिरिराज सिंह ने कहा कि विपक्ष का एजेंडा वही है जो स्टालिन के मंत्री ने कह दिया, सनातन धर्म को खत्म करना। तुम परशुराम-राम के वंशज हो खड़ा हो प्रतिकार करो।

# शिक्षा मंत्री ने रामचरितमानस की तुलना पोटेशियम साइनाइड से की

**विवादित बयान से बिहार में मचा सियासी घमासान**

**केटी न्यूज/पटना**

शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने यह दावा करके एक नया विवाद खड़ा कर दिया है कि रामचरितमानस जैसे प्राचीन ग्रंथों में इतने हानिकारक तत्व हैं कि उनकी तुलना 'पोटेशियम साइनाइड' से की जा सकती है। आरजेडी के नेता ने गुरुवार को देर रात एक कार्यक्रम में इस आशय की टिप्पणी की, जिसका एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर सामने आया है। वहीं, इस पर राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई है। बीजेपी मीडिया पैनलिस्ट नीरज कुमार ने कहा कि शिक्षा मंत्री ने महान सनातन धर्म का अपमान किया है, जिसमें संत रविदास और स्वामी विवेकानंद जैसे प्रगतिशील लोग शामिल हैं। हम जानना चाहते हैं कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस अपमान पर चुप क्यों हैं?

आरजेडी के प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि यह सच है कि हमारी पार्टी सामाजिक न्याय के लिए खड़ी है, लेकिन यह सभी धर्मों के सम्मान के लिए भी खड़ी है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी भी बयान से बचना चाहिए। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा कि संविधान में कहा गया है कि सभी धर्मों को समान सम्मान दिया जाना चाहिए। अभिषेक झा ने आगे कहा कि जिनको धर्म ग्रंथ के अंदर पोटेशियम साइनाइड दिखता है वो अपनी विचारधार अपने तक ही सीमित रखें। ये पार्टी और 'इंडिया' गठबंधन की विचारधारा नहीं हो सकती है। हम सबका सम्मान करते हैं, लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कुछ लोग मीडिया की टीआरपी पाने के लिए और सुर्खियों में बने रहने के लिए अपनी इस तरह की विचारधारा को थोपते हैं जो कहीं से भी उचित नहीं है। बता दें कि शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने हिंदी दिवस पर बिहार हिंदी ग्रंथ आकादमी में आयोजित कार्यक्रम में विवादित बयान दिया था।



### शिक्षा मंत्री अपने काम पर ध्यान दें : तेजस्वी

डिप्टी तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को कहा कि शिक्षा मंत्री को अपने काम पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। अपने विभाग पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। हम लोग सर्व धर्म सर्वभाव की बात करते हैं। यह सब बातें नहीं होनी चाहिए और मीडिया को भी नेगेटिव बात को ज्यादा नहीं फैलानी चाहिए। मीडिया को भी सकारात्मक बातें दिखानी चाहिए। शिक्षा विभाग में इतनी बहालियां हुई हैं, शिक्षक रोज स्कूल जा रहे हैं। इन सब बातों पर चर्चा होनी चाहिए।

### इंडिया गठबंधनवालों के मन में जहर : संबित

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा है कि 'राम नाम सत्य है' कह कर हम सब लोग इस धाम से परलोक धाम जाते हैं, उस राम के नाम को जहर बताना इतनी हिम्मत जो लोग रखते हैं वह इस देश के मूल आस्था पर सवाल करते हैं और चोट करते हैं। इसमें तो कोई दो मत ही नहीं है। उनके पूरे देश की जनता बायकॉट करेगी। संबित पात्रा ने कहा कि यह जितने भी 'इंडिया' गठबंधन वाले हैं। उनके अंदर हिंदू धर्म के लिए जो जहर भरा हुआ है उनके हर वाक्य में यह विषय दिख रहा है। वरना यह कोई कैसे बोल सकता है कि 'हिंदू धर्म डेंगू है, हिंदू धर्म मलेरिया है। ऐसे शब्दों का प्रयोग तो यह लोग रोज-रोज कर रहे हैं।

## खगड़िया में भीषण सड़क हादसे में तीन बच्चों की मौत, कई घायल

**केटी न्यूज/पटना**

खगड़िया जिले में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हुआ है। जहां स्कूली बच्चों से भरी टेम्पू और ट्रक की सीधी टक्कर में तीन बच्चों की मौत हो गयी। घटना एनएच 31 कुम्हरचकी के पास की बताई जा रही है। घटना के सम्बंध में बताया जा रहा है कि अनियंत्रित ट्रक ने इंडियन पब्लिक स्कूल के टेम्पू में टक्कर मार दी। जिसमें करीब 15 स्कूली छात्र सवार थे। मिली जानकारी के मुताबिक टक्कर के बाद स्कूली बच्चों से भरी टेम्पू पलट गयी। जिससे घटनास्थल पर ही तीन बच्चों की दर्दनाक मौत हो गयी। वहीँ आधे दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए हैं। जिसमें तीन बच्चे की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। बताया जा रहा है की स्कूल की छुट्टी के बाद टेम्पू सभी बच्चों को घर छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान यह घटना हुई है। इस घटना के बाद जहाँ मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। सभी उस समय को कोस रहे थे कि आखिर क्यों उन्होंने अपने बच्चे को स्कूल के लिए भेजा।

## हाजीपुर में दिनदहाड़े मछली व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

वैशाली के हाजीपुर में दिनदहाड़े एक मछली व्यवसायी की हत्या कर दी गई। अपराधियों ने उसे तीन गोली मारी। घटना हाजीपुर के महिला कॉलेज के पास की है। शुक्रवार सुबह एक ही बाइक पर सवार होकर तीन अपराधी मछली खरीदने पहुंचे थे। व्यवसायी से खरीदारी की बात का मछलियों का वजन करवाने लगे। जैसे ही व्यवसाई मछलियों का वजन करना शुरू किया था। वैसे ही अपराधी ताबड़तोड़ गोलीबारी करने लगे। घटना के बाद अपराधी मौके से भाग निकले। गोली लगने से घायल हुए मछली करोबारी को सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। जिसके बाद उसके परिजनों में कोहराम मच गया है। उसके परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। इधर, घटना के बाद इलाके



में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। गुस्साए लोगों ने हाजीपुर रोड को जाम कर दिया और आगजनी कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। गुस्साए लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े अपराधियों ने व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी और पुलिस उन्हें पकड़ तक नहीं पाई। लोगों ने कहा कि हाजीपुर अपराधियों के लिए सेफ जोन बनता जा रहा है। गुस्साए लोगों ने नगर थाना क्षेत्र के गांधी चौक को पूरी तरह से जाम कर दिया है। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया। वरीय अधिकारी ने लोगों को हत्यारे की गिरफ्तारी कर आश्वासन दिया।

**अपराधियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है:** मृतक की पहचान हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के शिवनाथ सहनी के पुत्र सुनील सहनी (24) के रूप में हुई। हाजीपुर के नगर थाना क्षेत्र के क्रांति चौक पर अपराधी मछली खरीदने आए थे। पीछे से आकर अपराधियों ने व्यवसायी को गोली मार दी। तीन गोली लगने की बात सामने आ रही है। जांच पड़ताल पूरे मामले की हो रही है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। अपराधियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।



# अतिक्रमण के खिलाफ डुमरांव नप ने भेजा नोटिस, माइकिंग करा दी चेतावनी

- 18 सितंबर तक खुद से अतिक्रमण हटाने की मिली है छूट
- निर्धारित अवधि के बाद अवैध रूप से सड़कों पर कब्जा करने वालों से वसूला जायेगा जुर्माना



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर में अतिक्रमण की गंभीर हो चुकी समस्या के समाधान के लिए अब नगर परिषद प्रशासन गंभीर हो गया है। इस कड़ी में नगर परिषद प्रशास ने चिन्हित अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाने के बाद गुरूवार को माइकिंग करवा उन्हें चेतावनी दी। टेम्पो पर ध्वनि विस्तारक यंत्र बांध नप कर्मी पूरे शहर में घुम अतिक्रमणकारियों को 18 सितंबर तक खुद से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दे रहे थे और बता रहे थे कि निर्धारित समय तक अतिक्रमण नहीं हटाने वालों के अवैध निर्माण को तोड़ने के साथ ही उनसे जुमार्ना भी वसूला जाएगा। नप प्रशासन की इस चेतावनी के बाद अतिक्रमणकारियों की मुश्किलें बढ़ गई है। बता दें कि शहर में अतिक्रमण की समस्या काफी गंभीर हो चुकी है। मुख्य सड़क स्टेशन रोड के अलावे राजगोला रोड, साफाखाना रोड, चौक रोड, जंगल बाजार सहित कई अन्य सड़को के किनारे स्थायी तथा अस्थायी दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है। जिस कारण सड़को की चौड़ाई छोटी पड़ जा रही है तथा शहर में जाम की समस्या नासूर बन गई है। बता दें कि नप प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को दूसरी बार नोटिस थमाया है और अतिक्रमण हटाने के लिए 18 सितंबर तक की मोहलत दी है। नप सूत्रों की माने तो जिलाधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है। अतिक्रमण की समस्या से निजात पाने के लिए धावा दल गठित किया है। जिसमें नगर परिषद के कर्मचारी शामिल है।

**समय-सीमा के बाद होगी कार्रवाई :** नप प्रशासन ने 18 सितंबर तक की मोहलत दी है। समय-सीमा खत्म होते ही कार्रवाई शुरू कर दी जायेगी। इसके लिए धावा दल का गठन किया गया है। कार्रवाई के दौरान वरीय अधिकारियों के साथ पुलिस-प्रशासन का भी सहयोग लिया जायेगा। अतिक्रमण हटाने के दौरान वीडियोग्राफी कराकर जुर्माना भी वसूला जायेगा। - अनिरुद्ध कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नप डुमरांव।

## एक नजर

### पैदल मार्च निकाल युवाओं ने स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर जताया विरोध




**बक्सर।** स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा धड़ल्ले से जारी भ्रुण हत्या के खिलाफ शुक्रवार को युवाओं ने जिला मुख्यालय में पैदल मार्च निकाला। जिसका नेतृत्व सामाजिक सह आरटीआई कार्यकर्ता हरेकृष्ण यादव ने किया। पैदल मार्च में शामिल युवा स्वास्थ्य विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार, लचर व्यवस्था, सरकारी व निजी अस्पतालों की मनमानी के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। यह मार्च नगर स्थित किला मैदान से बाजार समिति रोड स्थित होमगार्ड मैदान तक किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडो से काफी संख्या में लोग शामिल हुए थे। जिन्होंने स्वास्थ्य विभाग के विरोध में नारेबाजी की। वहीं विभाग में कायम भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए भी नारे बुलंद किये। जिससे आम लोगों को जिले के विभिन्न स्तर पर संचालित अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त हो सके। गरीबों का स्वास्थ्य के नाम पर दोहन नहीं हो सके। अपने संबोधन में हरेकृष्ण सिंह यादव ने कहा कि पैदल मार्च जिला में स्वास्थ्य विभाग के व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन का एक अध्याय मात्र है। जिसके अंतर्गत पैदल मार्च कर विरोध जताया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव को पत्र के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। वही मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर भ्रष्टाचार व स्वास्थ्य व्यवस्था की लचर व्यवस्था की जांच करने के लिए पटना से क्षेत्रीय निदेशक पटना प्रमंडल अखिलेश कुमार के नेतृत्व में टीम द्वारा जांच की गई थी। लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट भी नहीं दिया गया है। बल्कि मामले की लिपा पोती की जा रही है। इसमें भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जो विभाग की भ्रष्टाचार का भेद चढ़ गया है। वही बताया कि सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर अस्पताल से गायब रहते हैं। वहीं अस्पताल में पूर्जा किसी डॉक्टर के नाम पर कट रहा है तो दूसरे डॉक्टर के द्वारा इलाज किया जा रहा है। ऐसी व्यवस्था एक गंभीर मामला है। यदि स्वास्थ्य विभाग अभी भी नहीं चेता तथा मामले में कोई सकरात्मक कदम नहीं उठाया तो आगे बड़ा आंदोलन का रूख अख्तियार किया जाएगा। मौके पर अक्षय कुमार पाल, हरेंद्र यादव, रामायण यादव, संजय कुमार, नीतीश यादव, लालजी यादव, लक्ष्मण यादव, कुसुम देवी, लालमुनी देवी, लीला देवी, गिरिजा देवी, शांति देवी, शीला देवी आदि मौजूद थे।

### जिले के हर प्रखंड में एक-एक मॉडल गांव बनाने का लक्ष्य करें निर्धारित : जिलाधिकारी

**बक्सर।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष सवह बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल द्वारा शुक्रवार को जिला स्तरीय स्वच्छता ही सेवा 2023 का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में किया गया। डीएम ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायतों में स्वच्छता संबंधित गतिविधियों को व्यापक तौर पर चलाना है ताकी हमारा गांव स्वच्छ व सुंदर बन सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में एक मॉडल गांव बनाना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा है अभियान 2023 का संचालन 15 सितम्बर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंति 02 अक्टूबर तक आयोजित किया जायेगा। इस वर्ष का विषय कचरा मुक्त भारत है। जिसके अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, गांव एवं सार्वजनिक स्थलों पर सफाई अभियान, स्वच्छता कर्मियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, दिवाल चित्रण, स्वच्छता चौपाल इत्यादि गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। स्वच्छता ही सेवा 2023 का संचालन सभी गांवों में एक साथ किया जाएगा। अभियान अवधि में जिला, प्रखण्ड स्तर से प्रतिदिन एक गांव में विशेष अभियान का संचालन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 अंतर्गत बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले माननीय मुखियागण को सम्मानित किया गया। जानकारी के अनुसार प्रखण्ड डुमरांव से नुआंव, सोवां एवं लाखनडिहरा, बक्सर प्रखण्ड से जगदीशपुर एवं चक्की प्रखण्ड से जवही दियर पंचायत के मुखिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीडीसी डा महेन्द्र पाल, जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, सभी बीडीओ, सभी प्रखण्ड समन्वयक, जिला संसाधन सेवी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मीगण उपस्थित थे।




## खबरें फटाफट

### चोरी की साइकिल के साथ दो गिरफ्तार

**नावानगर।** सिकरौल थाना क्षेत्र के बड़का गांव से पुलिस ने चोरी की साइकिल के साथ दो चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों चोर हरनीचट्टी गांव के निवासी अखिलेश नट व संजय नट हैं। सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों चोरों ने बड़का गांव के एक व्यवसायी का साइकिल चुराकर सतुहड़ी गांव निवासी रामजी राम को बेंच दिया था। इधर व्यवसायी ने इसकी शिकायत पुलिस से किया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई। जांच में दोनों साइकिल चोर की पहचान कर लिया गया। जिसके बाद पुलिस ने दोनों चोरों को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में साइकिल चुराने एवं उसे बेचने की गुनाह को दोनों चोर ने कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों चोर के निशानदेही पर साइकिल बरामद करने के बाद गिरफ्तार दोनों चोरों को जेल भेज दिया गया। सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि चोरों से पूछताछ की जा रही है।

### बाइक और पिकअप की टक्कर में 3 जख्मी

**बक्सर।** शुक्रवार की शाम औद्योगिक थाना क्षेत्र दलसागर गांव के पास पिकअप और बाइक की टक्कर में बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए है। डायल 112 की पुलिस टीम ने उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां समाचार लिखे जाने तक उनका इलाज जारी था। जख्मियो की पहचान डुमरांव दक्षिण टोला के मनोज शर्मा पिता मनोहर शर्मा, टुन्नू राय पिता स्व सुदर्शन राय तथा सरोज कुमार पिता छोटक पासवान शामिल है। जिनमे टुन्नु का पैर टूट गया है जबकि दो अन्य को भी गंभीर चोट लगी है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों होंडा साइन बाइक जिसका नंबर बीआर 44 आर 8171 है से बक्सर की तरफ से डुमराव आ रहे थे। एनएच 922 पर दल सागर गांव के पास एक पिक अप से टकरा गई। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। गंभीर अवस्था में उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस की सूचना पर रात में ही तीनों के परिजन बक्सर पहुंच गए हैं। औद्योगिक थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि जख्मियों का इलाज करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चार सितंबर को साइबर फ्राड ग्रुप से जुड़ी लड़की का आया था न्यूड वीडियो कॉलिंग

# जालसाजी : बीएसएपी-4 के प्रशिक्षु सिपाही से सेक्स टोर्शन कर वसूले 1.77 लाख रुपए

**केटी न्यूज/डुमरांव**



साइबर अपराधियों के झांसे व भयादोहन की बात नई नहीं है। लेकिन जब खुद पुलिसकर्मी ही उनका शिकार बनने लगे तो सामान्य लोगों की बात क्या। सेक्स टार्शन के बाद भयादोहन कर लोगों से मोटी रकम ऐढने वाले गिरोह ने बिहार पुलिस के एक जवान को अपना शिकार बनाया है। पहले सेक्स टार्शन ग्रुप की एक लड़की ने जवान के व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉलिंग कर जानबूझकर न्यूड हो गई। इस दौरान उक्त वीडियो कॉल का रिकार्ड कर जवान का भयादोहन किया जाने लगा। सामाजिक प्रतिष्ठा को बचाने के लिए उक्त जवान उनके भयादोहन से भयभीत हो दो दिनों में पे फोन के माध्यम से उन्हें कुल 1 लाख 77 हजार 540 रूपए ट्रांसफर भी कर दिया। बाद में जवानों के समझाने के बाद उसने अपने वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर जवान ने स्थानीय थाने में इस मामले में सेक्स टार्शन ग्रुप के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से भागलपुर जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के कमरगंज गांव का उगेश्वर यादव बिहार पुलिस का जवान है। उसकी पोस्टिंग नालंदा जिले में है तथा वर्तमान में वह डुमरांव के हरियाणा फार्म स्थित बीएसएपी - 4 में पीटीसी प्रशिक्षण ले रहा है।

4 सितंबर को अपराह्न 2.25 बजे उसके मोबाइल नंबर 8083171452 पर 9518280697 नंबर से एक संदिग्ध महिला द्वारा व्हाट्सऐप पर वीडियो कॉलिंग किया गया। इस दौरान उक्त महिला जो सेक्स टार्शन ग्रुप से जुड़ी थी ने न्यूड हो उससे चैटिंग की तथा वीडियो कॉल को रिकार्ड कर बाद में कई नंबरों से उक्त जवान का भयादोहन किया जाने लगा। भयादोहन करने वाले उस वीडियो को सोसल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहे थे। जिससे मानसिक रूप से परेशान उगेश्वर ने अपनी सामाजिक मान प्रतिष्ठा बनाने के लिए 9 और 10 सितंबर को कुल 9 किस्तों पर सेक्स टार्शन ग्रुप के सदस्यों द्वारा बताए गए नंबरों पर कुल 1 लाख 77 हजार 540 रूपए पे फोन के माध्यम से ट्रांसफर किया। लेकिन बाद में उसे जब इस बात का अहसास हुआ कि वह साइबर फ्राड व सेक्स टार्शन ग्रुप के चक्कर में फंसा था तब उसने अपने वरीय अधिकारियों को इसकी जानकारी देते हुए उक्त नंबरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है।

**प्रशिक्षण के बाद भी फंसा जवान :** जवान के सेक्स टार्शन ग्रुप का शिकार बनने से कई सवाल खड़े हो रहे है। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में पुलिस द्वारा साइबर अपराध व सेक्स टार्शन ग्रुप के खिलाफ लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। साइबर अपराध संबंधित मामलों की जांच के लिए अलग थाने भी खोल लिए गए है। पुलिस के जवानों को भी साइबर फ्राड के खिलाफ उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है। बावजूद जवान का फंसना कई सवाल खड़े कर रहा है।

**क्या कहते है थानाध्यक्ष :** जवान की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। सेक्स टार्शन ग्रुप के सदस्यों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। किसी भी अज्ञात वीडियो कॉल से बचने का प्रयास करना चाहिए। **- बिंदेश्वर राम, थानाध्यक्ष, डुमरांव**

## लूट के शिकार हुए सीएसपी संचालक ने दर्ज कराया केस, हिरासत में एक

- सीएसपी संचालक से हुई थी 3.5 लाख की लूट, विरोध करने पर एक युवक की गोली मार कर दी गई थी हत्या

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

गुरूवार की शाम कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के सोवां गांव से पूरब सीएसपी संचालक से लूट के दौरान हत्या मामले में गोलीबारी से जख्मी सीएसपी संचालक के बयान पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। वही पुलिस सूत्रों की माने तो पुलिस ने बक्सर से एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सूत्र बताते है कि पुलिस जल्दी ही इस मामले का उद्भेदन कर लेगी तथा हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हालांकि पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने से इंकार कर रही है। इधर जख्मी सीएसपी संचालक मनोज यादव की हालत स्थिर बनी हुई है। वही इस घटना में लूटेरो की गोली लगने से मरे सोवां के संजीव यादव के 18 वर्षीय इकलौते पुत्र सोनू यादव का अंतिम संस्कार परिजनों ने भारी मन से किया। इस घटना के बाद से ही परिजनों तथा ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। वे लोग पुलिस ने हत्यारों को गिरफ्तार करने तथा उन्हें कड़ी सजा दिलवाने की मांग कर रहे थे। बता दें कि गुरूवार की शाम सोवां में बैंक ऑफ इंडिया का सीएसपी चलाने वाले धरौली के मनोज यादव के साथ सोवां गांव से पूरब एक बाइक पर सवार दो की संख्या में लूटेरों ने गन प्वाइंट पर 3.50 लाख रूपए की लूट कर ली थी। इस दौरान सीएसपी संचालक तथा स्थानीय युवाओं ने उनके हरकतो का विरोध किया तो लूटेरों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जिसमें सोनू यादव की मौत हो गई। जबकि सीएसपी संचालक के पैर में गोली लगी थी।

**पिछले महीने भी सीएसपी संचालक से हुई थी लूट :** कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र में पिछले महीने भी एक सीएसपी संचालक से लूट हुई थी। बता दें कि 3 अगस्त को कृष्णाब्रह्म के कठार रोड में एसबीआई के सीएसपी का संचालन करने वाले सुबोध रंजन लाल से एनएच 922 पर छोटका ढकाईच मठिया के पास हथियारबंद लूटेरों ने 3.68 लाख रूपए की लूट कर ली थी। हालांकि इस मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। लूटेरें भी गिरफ्तार हुए है। लेकिन मुख्य साजिशकर्ता धन्नु कुमार अभी भी पुलिस पकड़ से बाहर है।

## जिले के 11 एसआई का इंस्पेक्टर के पद पर हुई प्रोन्नति

**बक्सर।** पुलिस मुख्यालय ने बड़े पैमाने पर एसआई को इंस्पेक्टर के रूप में प्रोन्नत किया है। इस दौरान जिले के विभिन्न थानों में तैनात कुल 11 एसआई भी इंस्पेक्टर के रूप में प्रोन्नत हुए है। मिली जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर के पद पर प्रोन्नत होने वाले पुलिस पदाधिकारियों में कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय, बक्सर टाउन थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार, राजपुर थानाध्यक्ष राजेश मालाकार, सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार, नैनीजोर थानाध्यक्ष मनोज पाठक, औद्योगिक थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष राहुल कुमार तथा नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार के अलावे अजित कुमार का नाम शामिल है। प्रोन्नत प्राप्त करने वाले पुलिस पदाधिकारियों में खुशी व्याप्त है। नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन, कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार आदि ने बताया कि प्रोन्नत होने के बाद उनकी जिम्मेवारियां और बढ़ गई है। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि अब पहले से और मुश्तैदी से अपराध नियंत्रण व पुलिस के अन्य कार्यो को संपादित किया जाएगा।

## मंदिर के पास मांस व मछली बिक्री पर रोक लगाने की मांग

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव नगर परिषद के वार्ड छह के पार्षद तथा नया भोजपुर निवासी धनंजय पांडेय ने डुमरांव एसडीओ को पत्र लिख उनसे नया भोजपुर के गोरया बाबा मंदिर के पास तथा गांव के अन्य सड़को के किनारे खुले में मांस, मछली तथा मुर्गा काटे जाने का विरोध जताया है। उन्होंने एसडीओ से इसे तत्काल बंद कराने की मांग की है और बताया कि मांस मछली विक्रेता इसे काटने के बाद जो शेष भाग जैसे पंख, पैर, हड्डी आदि बच जाता है उसे या तो नालियों में फेंक रहे है या फिर सड़क किनारे यूं ही छोड़ रहे है। जिससे गंदगी व बदबू का सामना ग्रामीणों को करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया है कि मांस मछली विक्रेताओं की हरकतों से ग्रामीणों तथा मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**डुमरांव में भी सड़को के किनारे काटे जाते है मांस मछली :** बता दें कि यह समस्या सिर्फ नया भोजपुर गांव की नहीं बल्कि अनुमंडल मुख्यालय की भी है। शहर के कई जगहों पर सड़क किनारे मांस मछली को काटकर बिक्री किया जाता है। जिन जगहों पर मांस मछली बेचा जाता है उसके आस पास दूर तक पंख, खून के छींटे, मांस के टुकड़े आदि गिरे रहते है। जिससे वैसे लोग जो मांसाहारी नहीं है उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। बता दें कि डुमरांव के स्टेशन के पास स्थित पंचमंदिर से थोड़ी दूर पर स्थित महाराजा पेट्रोल पंप के पास पिछले कुछ वर्षों से सड़क के दोनों किनारे मांस मछली की बिक्री की जाती है। जिससे मंदिर जाने वाले लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावे शहर के आधा दर्जन जगहों पर खुले में मांस मछली बेचा जा रहा है।




### एमडीए को लेकर सरकारी स्कूलों में आयोजित की जा रही है विभिन्न गतिविधियां, बच्चों को किया गया जागरूक

# पेंटिंग के जरिए बच्चे दे रहें एमडीए के दौरान दवाओं का सेवन करने का संदेश

**केटी न्यूज/बक्सर**




जिले में आगामी 20 सितंबर से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। जिसको लेकर स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थान लोगों को जागरूक करने में जुटे हुए हैं। ताकि, ज्यादा से ज्यादा लोगों तक फाइलेरिया से बचाव और एमडीए के दौरान दवाओं का सेवन करने की जानकारी पहुंच सके। इस क्रम में सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा के निर्देशन में पीसीआई इंडिया के द्वारा विभिन्न स्तरों पर जागरूक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसमें सरकारी स्कूलों के बच्चों को भी शामिल किया जा रहा है। पीसीआई के द्वारा बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही, मानव श्रृंखला का निर्माण और रैली भी निकाली जा रही है। जिससे बच्चों में एमडीए को लेकर जागरूकता बढ़े और वो अभियान के दौरान दवाओं का सेवन करने के लिए प्रेरित हो सकें। पीसीआई इंडिया के जिला मोबिलाइजेशन कंसल्टेंट शादाब आलम ने बताया कि डुमरांव स्थित उर्दू मध्य विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। साथ ही, गौरी शंकर मध्य विद्यालय में मानव श्रृंखला तथा आचार्य नरेंद्र मध्य विद्यालय बक्सर में रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया।

**बच्चों को दी गई एमडीए की जानकारी :** जिला मोबिलाइजेशन कंसल्टेंट शादाब आलम ने बताया, विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल हुए बच्चों को एमडीए के संबंध में भी बताया गया। साथ ही, उन्हें अपने अभिभावकों और परिजनों को एमडीए के दौरान अनिवार्य रूप से दवाओं का सेवन के लिए प्रेरित करने को लेकर जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि एमडीए के शुरूआती चार दिनों तक जिले में बूथ लगाकर दवाओं का सेवन कराना है। जिसमें स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, चौक चौराहों, सरकारी और निजी दफ्तरों में बूथ लगाए जायेंगे। स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों को दवा का सेवन कराया जायेगा। इसलिए इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को पूर्व में ही जानकारी दी जा रही है। ताकि, अभियान के दौरान किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो सके।

**तैयार रहेगी रैपिड रिस्पॉन्स टीम :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि अभिभावक इस बात का ध्यान अवश्य रखें की एमडीए के लिए बूथ लगने के दिन बच्चों को खाली पेट स्कूल ना भेजें। खाली पेट दवाओं का सेवन करने से बच्चों में चक्कर और पेट दर्द की शिकायत आती है।ऐसा तभी होता है जब बच्चों के शरीर में माइक्रो फाइलेरिया के परिजीवी मौजूद हो। जब दवा बच्चों के शरीर में जाती है तब माइक्रो फाइलेरिया का परजीवियों को मारती है। जिसके कारण बच्चों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि, ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिए रैपिड रिस्पांस टीम का गठन किया जा चुका है। जो एडवर्स स्थिति होने पर बच्चों को समय पर अस्पताल ले जायेगी।

# एसपी साहब... चाचा के बेटों ने घर पर कब्जा कर लिया है, दिलवाएं न्याय

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव शुक्रवार को बिहार पुलिस की समस्या आपकी समाधान हमारा अभियान कार्यक्रम के तहत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और कार्रवाई का भरोसा दिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चली रही सुनवाई में विभिन्न थानों, इंस्पेक्टर और एसडीपीओ कार्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग जुड़े 20 से 25 लोगों ने एसपी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। किसी को जमीन बंटवारे की शिकायत थी, तो कोई घरेलू हिंसा की शिकायत कर रहा था। वहीं किसी को आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने की शिकायत थी। इसी क्रम में बहोरनपुर ओपी क्षेत्र के दामोदरपुर निवासी रामाकांत प्रसाद की ओर से एसपी से अपने घर पर कब्जा दिलाने की गुहार लगाई गई। उन्होंने एसपी से कहा कि उनके पिता नौकरी करते थे। दामोदरपुर में मकान बनाये थे। उनके बड़े पापा के लड़के ने घर और जमीन हड़प लिया गया है। बंटवारे के बाद मकान बनाया गया था। पंचनामा भी है। उसके बावजूद बड़े पापा के बेटे द्वारा उनके घर पर कब्जा जमा लिया गया है।



आवेदन देने के बाद जांच तो हुई, लेकिन कार्रवाई नहीं। उस पर एसपी द्वारा कहा गया कि थाने में आवेदन दे दीजिये। हर संभव कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने मौके पर मौजूद ओपी इंचार्ज को सीओ के साथ आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

एसपी ने बताया कि तकनीकी माध्यमों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से संपर्क करने की कड़ी में हर सोमवार और शुक्रवार सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे से बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आम फरियादियों से सीधा संपर्क करना है। उसी कड़ी में लोगों से संपर्क किया गया। उनकी समस्याओं को सुना गया और उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम के तहत शनिवार को वे फेसबुक लाइव के माध्यम से दोपहर एक बजे भोजपुर के आम लोगों से जुडेंगे। उस दौरान लोग अपनी समस्याओं के साथ बेहतर पुलिसिंग को लेकर सुझाव दे सकते हैं। कहा कि तकनीकी प्रयोग करने का उद्देश्य यही है कि कई बार दूरदराज के लोग आर्थिक समस्याओं और यातायात की कठिनाइयों के कारण पुलिस अधीक्षक कार्यालय नहीं पहुंच पाते हैं। उसके कारण लोग अपनी समस्याएं सुनाने से वंचित रह जाते हैं। बताते चलें कि सूबे के डीजीपी आरएस भट्टी के निर्देश पर भोजपुर सहित कुछ जिलों में पायलट बेसिस पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए लोगों से जुड़ कर समस्याओं को सुनने और उसका निवारण करने से संबंधी कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है। उसके तहत सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आम पब्लिक से जुड़ रहे हैं।

## एक नजर

### जनजागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक सबसे सशक्त माध्यम : डॉ. रविशंकर सिंह



**पटना।** जनजागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक सबसे सशक्त और प्रभावकारी माध्यम है। उक्त माध्यम आम जनमानस को जागरूक और प्रेरित करने के लिए बहुत ही उपयुक्त और आसान तरीका है। इन कलाकारों के कला का ग्रामीणों पर काफी सकारात्मक और असरदार प्रभाव पड़ता है। उक्त बातें शुक्रवार को सीफार के सहयोग से फुलवारीशरीफ प्रखंड के ढीबरा पंचायत के हसनपुरा गांव में एमडीए फाइलेरिया कार्यक्रम की जागरुकता हेतु आयोजित नुक्कड़ नाटक के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. रविशंकर सिंह ने कही। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रविशंकर सिंह ने कहा कि बिहार से फाइलेरिया बीमारी का उन्मूलन करने के लिए आप सभी लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। तभी हमारे राज्य से फाइलेरिया बीमारी का उन्मूलन हो पाएगा। सरकार इस बीमारी के उन्मूलन के लिए संकल्पित है। यह सबकुछ तभी संभव होगा। जब आप जागरूक होकर एमडीएम अभियान के दौरान खिलाई जाने वाली फाइलेरिया रोधी दवा खाएंगे और दूसरे लोगों को भी खाने के लिए जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकार आप सभी ग्रामीण भाई-बहनों एवं बच्चों को फाइलेरिया बीमारी के प्रति जागरूक और सशक्त करने में अहम और सकारात्मक भूमिका निभा रहे है। जो काफी सराहनीय है। इन कलाकारों की जितनी भी प्रशंसा की जाय वह कम होगा। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकार पटना जिले में आगामी 20 सितंबर से चलने वाले सर्वजन दवा सेवन एमडीए अभियान के दौरान आशा दीदी के द्वारा खिलाई जानी वाली दवा के बारे में जागरूक कर रहे थे।

### हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क पर उतरे लोग, टायर जला किया जाम

# सब्जी लेने गये पूर्व वार्ड पार्षद की गोली मार कर हत्या, आक्रोशितों ने जमकर काटा बवाल

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के चनपुरा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप आरा-छपरा फोरलेन पर शुक्रवार की सुबह अपराधियों ने 45 वर्षीय एक पूर्व वार्ड पार्षद की गोली मार हत्या कर दी गयी। अपराधियों ने घटना को तब अंजाम दिया, जब पूर्व वार्ड पार्षद सब्जी खरीदने के लिए निकले थे। लौटने के क्रम में बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें कार से उतारा और नजदीक से दो गोलियां मारी और फरार हो गए। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक कोईलवर थाना क्षेत्र के मिल्की मिश्रपुरा गांव वार्ड नंबर एक निवासी जगदीश महतो के बेटे त्रिभुवन महतो उर्फ छोटू उर्फ राजकुमार है। वह वर्ष 2007 से वर्ष 2012 तक मिल्की मिश्रपुरा वार्ड नंबर एक के वार्ड पार्षद भी रह चुके थे। फिलहाल वो वह गाड़ी चलवाते थे। साथ ही, बालू ट्रक पासिंग का भी काम करते थे। हत्या का कारण पैसे की लेनदेन संबंधी विवाद बताया जा रहा है। पुलिस की शुरूआती जांच में



- ग्रामीणों में आरा-छपरा फोरलेन को किया जाम, तीन घंटें आवागमन बाधित
- बोले परिजन... पुरानी दुश्मनी में दिया गया घटना को अंजाम

पुरानी दुश्मनी में हत्या की वारदात को अंजाम देने की बात सामने आयी है। अपराधियों को चिन्हित करने के बाद पुलिस गिरफ्तारी में जुट गयी है।

वहीं, पूर्व वार्ड पार्षद की हत्या की खबर सुन ग्रामीण और आसपास के लोगों का आक्रोश भड़क उठा। हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर



गुस्साए लोग शव के साथ सड़क पर उतर गये। आक्रोशित लोगों ने टायर जलाकर फोरलेन जाम कर दिया। जिसके कारण आरा छपरा फोरलेन पर करीब तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा। सड़क जाम की सूचना मिलने पर कोईलवर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार और सर्किल इंस्पेक्टर गौतम कुमार पुलिस भारी बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। दोनों अफसरों ने पार्षद के परिजनों से घटना की पूरी जानकारी ली। उसके बाद अफसरों ने लोगों को समझाकर शांत कराया। हत्यारों की पहचान कर लेने और जल्द गिरफ्तार कर लेने का आश्वासन दिया। उसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ और पोस्टमार्टम के लिए शव को आरा सदर अस्पताल भेजा गया। इधर, एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शुरूआती जांच में पुरानी दुश्मनी की बात सामने आ रही है। अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है। टीम गठित कर गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। मामले की हर बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।

**बालू पासिंग और बोलेरो के पैसे को चल रहा था विवाद :** मृतक की पत्नी अनीता देवी ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि उन्होंने पांच वर्ष पूर्व हरपुर गांव निवासी एक व्यक्ति को अपनी बोलेरो बेची थी। उसका पास पैसा बकाया था। वह करीब एक साल पूर्व बालू पासिंग के मामले में जेल भी गए थे। आठ महीने रहने के बाद वह जेल से वापस लौटे। वापस आने के बाद उन्हें फोन पर लगातार बालू पासिंग गिरोह द्वारा उन्हें पासिंग का काम बंद करने को लेकर दबाव डाला जा रहा था। उसे लेकर धमकी दी जा रही थी। शुक्रवार की सुबह उनके पति घर से कार लेकर हरपुर गांव जाने की बात कह कर घर से निकले थे। बोले थे कि बोलेरो का पैसा लेना है। जमालपुर बाजार से सब्जी भी खरीद कर लेते आउंगा। उसके बाद वह हरपुर गांव होते हुए मोहम्मदपुर स्टैंड पहुंचे। जहां सब्जी खरीदी। लौटने के क्रम में वह कार से चनपुरा पेट्रोल पंप के समय पहुंचे। तभी बाइक सवार दो अपराधी आ धमके और कार से उतार कर उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने बालू पासिंग के कारोबारियों पर अपने पति की गोली मार कर हत्या करने की आशंका जताई है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। इधर, पूर्व पार्षद की हत्या से उनके घर में कोहराम मचा है।

### शौच करने गए मजदूर की नहर में डूबने से मौत

आरा। जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव में गुरुवार की शाम नहर में डूबने से शौच करने गए एक मजदूर की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनिया गांव निवासी मंगर राम के 52 वर्षीय पुत्र विनोद राम है एवं वह पेशे से मजदूर थे। इधर मृतक के भाई रामायण ने बताया कि गुरुवार की शाम वह गांव में स्थित नहर की किनारे शौच करने गए थे। उसी दौरान वह नहर में डूब गए और उनकी मौत हो गई। देर शाम जब वह घर वापस नहीं लौटे तो घर की महिलाए उन्हें खोजने के लिए निकली। खोजबीन के दौरान जब महिलाएं नहर के पास पहुंची तो उन्होंने उनके शव को नहर में तैरते देखा। जिसके बाद महिलाओं द्वारा ही उन्हें पानी से बाहर निकल गया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने पांच बहन व तीन भाई में बड़े थे। मृतक के परिवार में पत्नी मोतीझारो देवी, पांच बेटियां लक्ष्मुना देवी, करिया, बुची, मुन्नी छोटी व तीन पुत्र गौतम, दिनबहुर एवं छोटन है।

दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी
डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक

### स्वास्थ्य केन्द्र में बना दो बेड का डेंगू वार्ड

**केसठ।** प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रांगण में डेंगू की बढ़ती समस्या को देखते हुए डेंगू मरीजों के लिए दो बेड का अलग वार्ड बनाया गया है। जिसमें बेड पर मच्छर दानी, दवा सहित मरीजों के लिए अन्य आवश्यक इंतजाम किया गया है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. विनय कुमार ने बताया कि अभी तक डेंगू के लक्षण वालों एक भी मरीज अस्पताल में नहीं आया है तथा क्षेत्र में ऐसे मरीज की कोई जानकारी नहीं मिली है। लेकिन विभाग के निर्देशानुसार अस्पताल में डेंगू मरीज के लिए समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि पीएचसी में डेंगू की जांच भी होगी। साथ ही, उन्होंने प्रखंड वासियों से बचाव को लेकर सजग रहने हो कहा। उन्होंने लोगों से सोते समय अनिवार्य रूप से मच्छरदानी में सोने की अपील की। साथ ही, घर के आसपास जलजमाव न होने देने को लेकर जागरूक किया। ताकि, मच्छरों के प्रकोप से बचा जा सके।

## कार्रवाई : मिठाई दुकानदार से रंगदारी मांगने वाला वांटेड हथियार के साथ हुआ गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले की गड़हनी थाने की पुलिस ने मिठाई दुकान से रंगदारी मांगने के मामले में एक कुख्यात को गिरफ्तार किया है। किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने निकले वांटेड बदमाश को गुरुवार की शाम गड़हनी स्थित पशु मेले के पास से गिरफ्तार किया गया। वह चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव निवासी लाल बिहारी सिंह का बेटा सोनू कुमार यादव है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा, दो गोली, एक बाइक और एक मोबाइल भी बरामद की है। वह गड़हनी और चरपोखरी थाने में पूर्व में दर्ज हत्या के मामलों में भी आरोपित रहा है।

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि अरवल जिले के कौदराबाद गांव निवासी जज प्रसाद की गड़हनी बाजार में पंकज स्वीट्स नाम से मिठाई की दुकान है। बीते 25 अगस्त को सोनू कुमार यादव उनकी दुकान में गया और हथियार के बल पर रंगदारी की मांग की। साथ ही, मिठाई दुकानदार को जान से मारने की धमकी भी दी थी। जिसका वीडियो भी सामने आया था। उस मामले में दुकानदार ने गड़हनी थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसके बाद उसकी गिरफ्तारी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी।



हालांकि उस घटना के बाद वह फरार हो गया था। गुरुवार की शाम सूचना के आधार पर उसे गड़हनी पशु मेला के पास से गिरफ्तार किया गया। वहां वो किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए था। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा, दो गोली, रंगदारी मांगने के समय इस्तेमाल बाइक और मोबाइल भी बरामद किया। हथियार की बरामदगी में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसपी ने बताया कि जनवरी 2022 में गड़हनी थाना क्षेत्र के रतनगढ़ गांव के समीप में मच्छारा टोला निवासी बबन सिंह की हत्या में वह आरोपित है। साथ ही, चरपोखरी थाना क्षेत्र के काउप गांव में 2021 बारात में नाच प्रोग्राम के दौरान दो लोगों को गोली मारने में भी उसका नाम आया था।

### डीएम के जनता दरबार में सुनवाई को आए 151 परिवाद

जहानाबाद। जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के आमजनों के परिवादों को सुना गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी के जनता दरबार में लगभग 151 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत विभाग, भू अर्जन, नल-जल योजना सहित अन्य कार्यालयों/योजनाओं से संबंधित थे। परिवादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त परिवाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया एवं कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

fssai
ISO 22000 : 2018
ISO 9001 : 2018
दियरांचल प्रीमियम
कच्ची घानी सरसों तेल...
त्वचा के लिए सरसों का तेल अच्छा माना जाता है।
आंखों के लिए...
वजन कम करने में मददगार....
पेनकिलर की तरह काम करता है...
दांत के दर्द में कारगर...
भूख बढ़ाने का काम करता है...
100% PREMIUM QUALITY
सत्यापित जैविक उत्पाद
100 फिसदी पोषक तत्व मौजूद
500 ml | 1 Ltr | 2 Ltr | 5 Ltr | 15 Ltr
For Trade Enquiry Please Contact us - 9122449957

### 200 से अधिक कैडेट्स को दी गई एमडीए की ट्रेनिंग, फैमिली रजिस्टर भरने के साथ लोगों को करेंगे जागरूक

# एनसीसी कैडेट्स भी निभायेंगे ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर की भूमिका

**केटी न्यूज/आरा**

जिले कोफाइलेरिया से मुक्त बनाने के उद्देश्य से सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम कीतैयारियां तेज हो चुकी है। सभी प्रखंडों को लक्ष्य के अनुरूप दवाओं का स्टॉकउपलब्ध करा दिया गया है। ताकि, एमडीए के संचालन में किसी प्रकार बाधा न उत्पन्न हो सके।वहीं, प्रखंडों में आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण देने के साथ साथ संबंधित क्षेत्र के लिए ड्रगएडमिनिस्ट्रेटर टीम का भी गठन किया जा रहा है। इस बार एमडीए को सफल बनाने के लिएजिले के एनसीसी कैडेट्स को भी ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर टीम में शामिल किया जा रहा है। इसके लिए जिला मुख्यालय में 200 से अधिक



एनसीसी कैडेट्स को एमडीए की ट्रेनिंग दी गई।जिसमें उन्हें फाइलेरिया उन्मूलन, दवाओं का सेवन, डाटा संग्रहण, ससमय रिपोर्टिंग के साथ रिफ्यूजल के मामलों में लोगों कोजागरूक करते हुए उन्हें दवाओं का सेवन करने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रशिक्षण कीअध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. के एन सिन्हा ने बताया कि इसवर्ष 20 सितंबर को एमडीएअभियान की शुरूआत की जा रही है। जिसके लिए शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक ड्रगएडमिनिस्ट्रेटर की टीम के साथ एक-एक एनसीसी कैडेट को टैग किया जायेगा। जो अभियानके दौरान डीए टीम के साथ घर घर जाकर लोगों को दवाओं का सेवन कराएंगे।

**एनसीसी कैडेट्स करेंगे ससमय रिपोर्टिंग :** एसीएमओ ने कैडेट्स को बताया कि उन्हें अभियान के दौरान ससमय रिपोर्टिंग भी करनी है। इसके लिए वो डीए लॉगिन आईडी का इस्तेमाल करेंगे और पोर्टलपर डाटा संग्रहित करेंगे। जिससे एमडीए की रियल टाइमिंग डाटा प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि एमडीए अभियान के दौरान कई बार लोग जानकारी के अभाव में दवा खानेसे मना कर देते हैं। ऐसी स्थिति में जहां जहां लोग दवाओं का सेवन करने से इन्कारकरेंगे, तो उन्हें जागरूककरना जरूरी है। उन्हें बताया जाए कि फाइलेरिया मच्छरों से फैलने वाली एक गंभीरबीमारी है। जिसके लक्षण 10 से 12 सालों में दिखाईदेते हैं। यदि किसी को फाइलेरिया होता है और समय पर इलाज नहीं करवाताहै तो वो दिव्यांग भी हो सकता है। इसलिए फाइलेरिया से बचना है तो दवाओं का सेवन करना जरूरी है। लोगों को बताएं कि पांच वर्ष तक लगातार साल में एक बार दवाओं का सेवन करने से फाइलेरिया की संभावना लगभग खत्म हो जाती है। एमडीए अभियान में अल्बेंडाजोल और डीईसी की दवा खिलाई जाती है। इस बात का विशेष ख्याल रखा जाए कि अल्बेंडाजोल कासेवन चबाकर किया जाना है। सबसे अहम बात यह कि खाली पेट इन दवाओं का सेवन नहीं करनाहै। दो वर्ष के के कमके बच्चों, गर्भवती महिला एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं खिलाई

बेटी पढ़ाओं -बेटी बचाव बेटी पढ़ाओं -बेटी बचाव बेटी पढ़ाओं -बेटी बचाव
श्रेया अल्ट्रासाउण्ड सेंटर
SHREYA IMAGINE & RESEARCH CENTRE
COLOUR DOPPLER
MOB : +91 9576655935
पता
टेम्पू स्टैंड के पीछे
नेहरू नगर, नहर पर (बक्सर)
संतोष कुमार
व्यवस्थापक
नोट - भ्रूण जांच कानून अपराध है इसलिए यहां नही होती है जांच

# दिनदहाड़े चाकू मारकर युवक की हत्या, दूसरा युवक रेफर

♦ग्रामिणों ने बलिया-रसड़ा मार्ग किया जाम

केटी न्यूज/ गड़वार

थाना क्षेत्र के चिलकहर गांव में शुक्रवार की दोपहर बदमाशों ने चाकू मारकर एक युवक की जहां हत्या कर दी, वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चिलकहर गांव के पास बलिया रसड़ा मार्ग जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृत युवक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेज दिया है। वहीं घायल युवक की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। घटना की वजह पुरानी रंजिश बताई जा रही है।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि संदीप राम अपने चचेरे भाई विकास कुमार के साथ कहीं जाने के लिए निकले थे, तभी बदमाशों ने संदीप और विकास कुमार पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। जिससे संदीप की जहां मौके पर ही मौत हो गई। वहीं विकास कुमार की हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद गांव के साथ–साथ जिला अस्पताल में भी हड़कंप की स्थिति देखी गई। लोगों का गुस्सा भी देखते ही बन रहा था। हालांकि घटना के बाद एसपी एस आनंद स्वयं मौके पर पहुंचकर ?जायजा लिया तथा मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दिनदहाड़े हुई वारदात से लोग आक्रोश में है। घटना के बाद पूरा गांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। लोगों की यही मांग थी कि जल्द से जल्द आरोपी पकड़े जाए।

युवक की हत्या के बाद लोगों का आक्रोश देखते ही बन रहा था। बलिया रसड़ा मार्ग को जाम करने के साथ ही आरोपियों को तत्काल पकड़ने की जिद पर अड़ गए।



### दोस्ती में तकरार के बाद हुई हत्या

परिजनों के अनुसार जिन 25 लोगों ने उनके बेटे को घेर कर चाकूं घोंप कर मार डाला, वे सभी कभी दोस्त हुआ करते थे। लगभग एक साल पहले किसी बात को लेकर तकरार हो गई।

## ससुराल वालों पर नव विवाहिता का हत्या का आरोप

**चितबड़ागांव।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कारों अंतर्गत श्रींगारपुर में एक नव विवाहिता के हत्या का प्रकरण प्रकाश में आया है। विवाहिता के पिता अजय राम ने मुकामी थाने में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मेरी पुत्री सोनम जिसकी शादी विगत 29 जून को बड़े धूमधाम से चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के श्रींगारपुर निवासी कन्हैया कुमार पुत्र भोलाराम के साथ 29 जून को संपन्न हुई थी। विदाई के बाद अगले दिन मैं अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ हैदराबाद अपने काम पर चला गया। 10 की रात में 9:00 मोबाइल फोन से मेरी पुत्री के साथ देर तक बात हुई थी और उसने अपनी ननद गीता के बारे में एक प्रेम प्रसंग का मामला बताया था और पुनः 11 सितंबर की शाम मेरे पुत्री का पति कन्हैया कुमार का फोन आया कि मैं 10 सितंबर से 20 बार फोन कर चुका हूं लेकिन सोनम फोन नहीं उठा रही है कहीं आपके यहां तो नहीं गई है? आप लोग शीघ्र पता करके बताएं । सूचना मिली कि सोनम की हत्या करके शव को ग्राम पंचायत कारों स्थित शव दाह- गृह पर जला दिया गया है।

# कार्रवाई: सीवर घोटाले की जद में आए एक्सईएन किए गए निलंबित

केटी न्यूज/ बलिया

बहुचर्चित सीवर घोटाला मे जल निगम नगरीय के कार्यवाही एक्सईएन को भी निलंबित कर दिया गया। कार्रवाई से इस घोटाले में चेन की तरह लिप्त लोगों में हड़कंप की स्थिति है। यह सोच कर परेशान है कभी उनकी ना बारी आ जाए। परियोजना में भ्रष्टाचार के कारण सीवर योजना शहर में आज तक चालू नहीं हो सकी। इसे लेकर पूर्व में भी कई अभियंताओं और कर्मियों पर अनियमित तरीके से भुगतान के मामले में मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। उत्तर प्रदेश जल निगम के मुख्य अभियंता ने सीवर लाइन में लापरवाही और अनियमित तरीके से भुगतान के मामले में कार्यवाहक जल निगम नगरीय के कार्यवाहक अधिशासी अभियंता अंकुर श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। निलंबित कार्यवाहक एक्सईएन को मुख्य अभियंता लखनउ क्षेत्र जल निगम नगरीय से संबद्ध करते हुए मुख्य अभियंता प्रयागराज क्षेत्र को जांच अधिकारी नामित किया गया है। मुख्य अभियंता अरूण कुमार की ओर से जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि सहायक अभियंता को अंकुर श्रीवास्तव को बलिया में कार्यवाहक अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय के पद पर तैनात की गई थी। इनके द्वरा अपने दायित्व का पालन नहीं किया गया। अमृत योजना कार्यक्रम के तहत स्वीकृत बलिया की नगर पालिका परिषद में सीवर लाइन हाउस कनेक्शन के कार्यों में अनियमित रूप से भुगतान कराया गया है।

### तीन अधिशासी अभियंता पहले भी हो चुके हैं निलंबित

सीवर घोटाले में इसके पहले भी फणिंद्र राय सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता, कमलेश सिंह सेवानिवृत्त अधिशासी अभियंता, एसएन राय सेवानिवृत्त सहायक अभियंता, नीरज कुमार पांडेय जूनियर इंजीनियर आजमगढ़, अशोक कुमार श्रीवास्तव अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जलनिगम बलिया।

### कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता कर अभियान की रूपरेखा की दी जानकारी

# जनपद के लोग जागरूक हों तो शरीर को निरोगी रखने में मिलेगी मदद: डीएम

केटी न्यूज/ बलिया

जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने व उन्हें स्वास्थ्य विभाग की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से आयुष्मान भवः अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 13 सितम्बर को कर चुकी हैं। इस अभियान के पांच प्रमुख घटक सेवा पखवाड़ा, आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा तथा आयुष्मान ग्राम पंचायत/आयुष्मान नगरीय वार्ड है।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता कर जिलाधिकारी ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि इसके सफल क्रियान्वयन के प्रति जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। जनपदवासी इस अभियान का लाभ लें। इससे निश्चित रूप से अपने शरीर को निरोगी रखने में मदद मिलेगी। अभियान की शुरूआत में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन होगा। इसके तहत स्वच्छत भारत मिशन, रक्तदान महादान तथा अंगदान शपथ पर आधारित कार्यक्रम होंगे। समुदाय स्तर की संस्थाओं जैसे रोगी कल्याण समिति, जन आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, महिला आरोग्य समिति आदि के माध्यम से स्वच्छता गतिविधियां आयोजित होगी। कैम्प लगातार विभिन्न जगहों पर रक्तदान कार्यक्रम होगा। इसके अलावा जिला मुख्यालय, चिकित्सा इकाईयों, ग्राम सभा, स्कूल-कालेज, आफिस आदि में अंगदान महादान की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सीएमओ की ओर से स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के तहत शत प्रतिशत पात्र व्यक्ति का अभियान चलाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही होगी। इसके लिए कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है।

**आयुष मेला में रहेंगे चिकित्सकीय विशेषज्ञ :** जिलाधिकारी ने बताया कि अभियान के तीसरे घटक, यानि आयुष्मान मेला के तहत 16 सितम्बर से प्रत्येक शनिवार को जिले के 285 उपकेंद्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर तथा सभी 17 सीएचसी पर आयुष मेला का आयोजन होगा, जिसमें कार्ययोजना के अनुसार विशेषज्ञ डाक्टर भी सेवा देने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसमें पहले हप्ते में गैर संचारी रोग, दूसरे हप्ते में टीबी, कुष्ठ व अन्य संचारी रोग, तीसरे हप्ते में मातृ एवं बाल स्वास्थ्य तथा पोषण तथा चौथे हप्ते में सिकल सेल तथा नेत्र देखभाल से सम्बन्धित स्क्रीनिंग व जांच की सुविधा दी जाएगी।



### हर ग्राम पंचायत में होगी आयुष्मान सभा

विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं व सेवाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में 02 अक्टूबर को ग्राम स्वच्छता समिति एवं पोषण समितियों द्वारा आयुष्मान सभा का आयोजन होगा। इसमें बेहतर स्वास्थ्य के लिए बरती जाने वाली सावधानियों को बताया जाएगा। अंतिम घटक आयुष्मान ग्राम के तहत, उन ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने निर्धारित छह मानकों पर शत प्रतिशत उपलब्धि पा लेंगे। इस दौरान सीएमओ डॉ जयंत कुमार, डीपीएम डॉ आरबी यादव, डॉ आनंद आदि थे।

## वकीलों ने दो दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का लिया निर्णय

**बलिया।** बार काउंसिल उप्र के अध्यक्ष के वायरल पत्र के बाद वकीलों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इस पत्र के बाद वकीलों ने क्रिमिनल बार के सभागार में बैठक की। जिसमें शुक्रवार व शनिवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान वकीलों ने कहा कि हम हापुड़ के वकीलों के साथ हैं। ऐसे में बार काउंसिल द्वारा हड़ताल खत्म करना न्याय संगत नहीं है। वास्तविक स्थिति जानने के लिए समस्त अधिवक्ता 2 दिनों तक हड़ताल पर रहेंगे।

क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार संगठन हुआ सिविल बार एसोसिएशन के वकीलों ने संयुक्त बार की बैठक में दो दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। वकीलों ने कहा कि बार काउंसिल के अध्यक्ष ने सरकार के पक्ष में एकतरफा निर्णय लिया हैं। हापुड़ के पीड़ित वकीलों के साथ अन्याय है। ऐसे में हम हापुड़ के वकीलों के साथ हैं। इस दौरान वकीलों ने सिविल कोर्ट परिसर में जोरदार तरीके से नारेबाजी की।




## डॉ0 रामविलास भारती हुए सम्मानित

**मऊ।** राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ.रामविलास भारती को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मऊ ने सम्मानित करते हुए कहा कि भारती जी ने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। ऐसे ही अध्यापक विभाग का नाम रोशन करते हैं और छात्रों तथा अभिभावकों के लिए आदर्श होते हैं। हम ये उम्मीद करते हैं कि जिले के अन्य अध्यापक इनसे प्रेरणा लेंगे और विद्यालय तथा बच्चों के प्रति समर्पित भाव से अपना योगदान देंगे। डॉ. रामविलास भारती ने कहा कि यह पुरस्कार जनपद के सभी अध्यापकों, छात्रों तथा अभिभावकों को समर्पित है। यह सम्मान मिलने के बाद हमारी जिम्मेदारियां और ज्यादा बढ़ गई हैं। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समस्त जिला समन्वयक, कार्यालय सहायक जितेन्द्र सिंह, प्रवीण सिंह, एसआरजी अरविंद पांडेय, राकेश कन्नौजिया, जिला कोषाध्यक्ष सच्चिदानंद यादव, रानू, विपिन प्रताप, कौशल आदि उपस्थित रहे।

# रोडवेज बस व ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर आधा दर्जन लोग घायल व चार गम्भीर

केटी न्यूज/ मऊ

जनपद के सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढ़ुआ गोदाम बाजार के पास वाराणसी गोरखपुर फोरलेन पर रोडवेज और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई ट्रैक्टर का अगला हिस्सा हुआ क्षतिग्रस्त। घटना के दौरान रोडवेज बस में सवार 17 यात्रियों सवार थे जिसमें एक महिला सहित चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जाता है कि वाराणसी गोरखपुर फोरलेन पर बढ़ुआ गोदाम बाजार में शुक्रवार की सुबह नौ बजे के करीब एक रोडवेज की बस और ट्रैक्टर टाली में आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रैक्टर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रैक्टर चालक और बस में सवार एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

रोडवेज की काशी डिपो की बस वाराणसी से करीब छह बजे के करीब मऊ आ रही थी। बस जैसे ही बढ़ुआ गोदाम तिराहे पर पहुंची गलत दिशा की तरफ से आ रही ट्रैक्टर टाली रोडवेज बस से टकरा गई। जब तक चालक कुछ समझ पाता तब तक ट्रैक्टर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और सीसा फुट गया । गनीमत रही कि बस पलटी नहीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। दुर्घटना के समय बस में 17 लोग सवार थे । बस में सवार गाजीपुर जनपद की सोहवल गांव निवासी मीनू शर्मा पत्नी राजेश्वर 35 वर्ष, जनपद गुमला झारखंड निवासी यमुना पत्नी निरंजन 45 वर्ष ,वहीं ट्रैक्टर चालक गाजीपुर जनपद के मरदह थाना क्षेत्र के नसरथपुर गांव निवासी रमेश यादव पुत्र सहबल्ली यादव 40 वर्ष और उसी गांव निवासी साथी नागेंद्र यादव पुत्र शेषनाथ 27 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि बस चालक दयाशंकर यादव सहित बस में सवार पंद्रह लोगों को मामूली चोटें आई हैं।



# कुम्हारी-माटीकला के कारीगरों का साक्षात्कार विकास भवन में सम्पन्न

केटी न्यूज/ मऊ

उप्र० शासन द्वारा उ० प्र० माटीकला बोर्ड का गठन किया गया है, जिसके द्वारा अल्प आय वर्ग के कुम्हारो को शासन द्वारा निःशुल्क इलेक्ट्रानिक चाक वितरण हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 का लक्ष्य आवंटित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को सतत हो रहे नुकसान के परिपेक्ष में प्लास्टिक से निर्मित कप प्लेट आदि के उपयोग को प्रदेश में प्रतिबंधित कर दिया गया है, इसके विकल्प के रूप में मिट्टी से निर्मित पात्रो का उपयोग एवं उसके औद्योगिक उत्पादन को बढ़ावा देने तथा कुम्हारी / माटीकला से सम्बन्धित परम्परागत कारीगरों को वर्तमान में अपेक्षा के अनुरूप प्रशिक्षित कराते हुये माटीकला के उत्पादो का विपणन सुविधा उपलब्ध कराना है जिसके लिये विभाग द्वारा माटीकला के कारीगरों को निःशुल्क टूल किट्स का वितरण किया जायेगा। इसके लिये ऑनलाईन आवेदन पत्र कार्यालय में प्राप्त है उनका साक्षात्कार आज परियोजना निदेशक प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन में 110 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया।



## छेड़खानी के आरोप में ओमप्रकाश राजभर गिरफ्तार

**बलिया।** सिकंदरपुर थाने की पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर एक बजे छेड़खानी व पाक्सो एक्ट के आरोपी को जमुई चट्टी से गिरफ्तार किया। अभियुक्त ओमप्रकाश राजभर पुत्र सुग्रीव राजभर ग्राम कठौड़ा का रहने वाला है। सिकंदरपुर थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फरार चल रहा था। शुक्रवार को सिकंदरपुर थाने की पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी ओमप्रकाश राजभर जमुई चट्टी पर खड़ा है, तभी पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी ओमप्रकाश राजभर को पकड़ लिया। आरोपी ओमप्रकाश राजभर को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया है।



## खबरें फटाफट

### कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने बाबा दरबार में टेका मत्था



**चहनियां (चंदौली)।** बाबा कीनाराम के 424जन्मोत्सव के पावन अवसर कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने बाबा कीनाराम में चरणों में शीश नवाकर प्रदेश की कुशलता की कामना की। अघोराचार्य बाबा कीनाराम शक्तिपीठ रामगढ़, सकलडीहा, चंदौली में दर्शन, पूजन, हवन कर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय नें लोक कल्याण के लिये प्रार्थना किया। साथ में प्रदेश कांग्रेस महासचिव देवेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, रामजी गुप्ता, अरूण द्विवेदी, विजय त्रिपाठी, मधु राय, आनंद शुक्ला, रामानंद यादव, राहुल सिंह भवानी, प्रदीप मिश्रा, मुनीर खान, कुलदीप वर्मा, प्रिंस मिश्रा, राजकिशोर सिंह, औसाफ सिद्दीकी, शाहिद तौसिफ, गंगाराम सहित कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### सुनील सिंह होंगे भाजपा के नए जिलाध्यक्ष



**गाजीपुर।** भाजपा के नये जिलाध्यक्ष सुनील सिंह बनाए गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार की दोपहर सूची जारी की है, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील सिंह को नया जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है। सुनील सिंह ने भाजपा के प्रस्तावित करीब आधा दर्जन दावेदारों ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, राघवेंद्र सिंह, रामनरेश कुशवाहा, सुधाकर कुशवाहा, सुरेश बिंद, पारस बिंद को हराकर कामयाबी हासिल किया है। सुनील सिंह लगभग तीन दशकों से संघ और भाजपा के राजनीति में सक्रिय रहे हैं। सुनील सिंह 1990 से लेकर 1999 तक तहसील प्रचारक और नगर प्रचारक के रुप में कार्य कर चुके हैं।

### भाजपा के नये जिलाध्यक्ष बने काशीनाथ सिंह



**चंदौली।** राजनीतिक चर्चाओं के बीच भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को सूबे के कई जिलों के जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष बदल दिए। इसमें चंदौली जनपद भी शामिल है। चंदौली में अब भाजपा की कमान काशीनाथ सिंह के हाथों में संगठन ने सौंप दी है। नए जिलाध्यक्षों की सूची जारी होते ही काशीनाथ सिंह को बधाई देने वालों का तांता लग गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर नवागत जिलाध्यक्ष का स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान काशीनाथ सिंह ने नए दायित्व के लिए भारतीय जनता पार्टी का आभार जताया। कहा कि भाजपा कर्मठ व निष्ठावान कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का काम करती है। कहा कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन के कामकाज को निर्वाध गति से आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। संगठन से जुड़े सभी दायित्वों को पूरा करने में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का भरपूर सहयोग लिया जाएगा। कहा कि भाजपा आज अपने जनकल्याणकारी व विकासपरक योजनाओं के कारण जनता के बीच अपनी गहरी पैठ बना चुकी है और आगामी लोकसभा चुनाव-2024 में बड़ी जीत के साथ पार्टी अपने पुराने रिकार्ड को और बेहतर बनाएगी।

# समयबद्ध ढंग से पूरा करें लर्निंग लैब का काम : जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/ चंदौली**



जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पोषण कन्वर्जेंस समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी जया त्रिपाठी ने संभव अभियान की प्रगति, पोषण ट्रैकर ऐप पर वजन गृहभ्रमण वजन सामुदायिक गतिविधियों तथा राशन वितरण की फीडिंग की माह अगस्त 23 की स्थिति से अवगत कराया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक विकास खण्ड में चयनित आंगनबाड़ी केंद्र लर्निंग लैब के निर्माण के लिए सभी संबंधित खंड विकास अधिकारियों तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। कहा कि समयबद्ध तरीके से 25 सितंबर तक लर्निंग लैब का काम पूरा कर ले। बरहनी विकास खंड से विगत दो माहों में सैम बच्चों के संदर्भ न किये जाने के प्रकरण पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि ये स्थिति स्वीकार करने योग्य नहीं है। इसके संबंधित उत्तरदायी आरबीएसके टीम के चिकित्सकों तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी बरहनी से वार्ता की जाय। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि जून माह में पोषण पुनर्वास केंद्र चकिया में कुल 19 सैम बच्चों को चिह्नित कराया गया तथा बेड आक्यूपेंसी रेट 85.80 प्रतिशत रही। इस दौरान जिलाधिकारी ने संभव अभियान में चंदौली जनपद का कुल कंपोजिट स्कोर 66 रहा, जिसे संभव अभियान के समापन होने तक शत प्रतिशत लक्ष्य पाने का पूर्ण प्रयास जारी रखें जाय। जिलाधिकारी ने समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारियों को चेतावनी सहित निर्देशित किया कि बाल विकास परियोजना अधिकारियों द्वारा सैम बच्चों की जो भी सूची उपलब्ध करायी जाती है उसका ई-कवच पर शत प्रतिशत फीडिंग तथा फालोअप कराये। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नान स्कूल गोईंग किशोरी बालिकाओं के आयरन गोली वितरण उपभोग एवं अभिलेखीकरण पर सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया।

## यूपी-एसएसीएस के तहत एचआईवी के प्रति लोगों को किया जागरूक

# एड्स लाइलाज बीमारी, बचाव ही इसका एकमात्र उपाय: डॉ. सबिता

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**





उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (यूपीएसएसीएस) लखनऊ अंतर्गत गुरुवार को जनपद के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस-एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (एचआईवी/ एड्स) के प्रति जागरूकता के लिए यूथ फेस्ट का आयोजन किया गया। सभी तहसील एवं ब्लॉक के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेजों के छात्र एवं छात्राओं ने इस अवसर पर आयोजित मैराथन दौड़, क्विज प्रतियोगिता, रील मेकिंग प्रतियोगिता एवं ड्रामा कॉम्पटीशन में भाग लिया गया।

जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी/जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में समस्त प्रतियोगिताओं में छात्र एवं छात्राओं का प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता के रूप में चयन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।` कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सबिता भारद्वाज ने की। उन्होंने सभी विजेताओं को मेडल एवं धनराशि (विजेता प्रतिभागियों के सीधे बैंक खाते में) प्रदान की, साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण -पत्र प्रदान किए। मैराथन दौड़ (पुरुष व महिला) में प्रथम स्थान सुमित यादव व अंशुल यादव, द्वितीय रितेश यादव व रेखा यादव, तृतीय वीर कुमार व ममता कुशवाहा ने हासिल किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्वेता सिंह, द्वितीय अंजली शर्मा एवं तृतीय सिद्धार्थ चौहान ने हासिल किया। रील मेकिंग में प्रथम श्वेता मोदनवाल, द्वितीय ज्योति जैन, तृतीय अनुप्रिया गौतम ने प्राप्त किया। ड्रामा प्रतियोगिता में प्रथम ज्योति जैन एंड टीम, द्वितीय सैयद बुशरा एंड टीम व तृतीय श्रेया वर्मा एंड टीम ने हासिल किया। सभी विजेता मेडल और प्रमाण पत्र प्राप्त कर काफी उत्साहित थे। सभी प्रतियोगिताओं में एचआईवी- एड्स से बचाव, रोकथाम और जागरूकता के बारे में भी जानकारी दी गई। बताया कि एचआईवी-एड्स लाइलाज बीमारी है। इसकी रोकथाम के लिए बचाव ही एकमात्र उपाय है। इसके लिए लोगों को जागरूक होना जरूरी है। एड्स के प्रति सामाजिक मिथकों को दूर करना, आहार, पोषण, स्वच्छता और स्वस्थ जीवन शैली के लिए युवाओं को प्रेरित होने की जरूरत है। एचआईवी-एड्स के मरीजों से सार्वजनिक स्थलों जैसे दफ्तर, स्कूल आदि जगहों पर भेदभाव न किया जाए। यह छूने या बात करने से नहीं फैलता है। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग विभाग के डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, अनुराग, सुनील, कमलेश, फिरोज, इंद्रेश सिंह, अजय कुमार, एआरटी सेंटर, आईसीटीसी व पीपीटीसीटी सेन्टर, एसटीआई के लैब टेक्नीशियन, काउंसलर अंजू सिंह, स्वर्ण लता सिंह, श्वेता राय व अन्य, सुभिक्षा परियोजना से अनिता मौर्या, मेहंदी, संयम संस्थान अध्यक्ष अजय कुमार, टीआई के समस्त कर्मचारी तथा दिशा क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर मनीष कुमार सिंह उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के लिए नामित महाविद्यालय के संयोजक डॉ. शशिकला जायसवाल, डॉ. शिव कुमार व डॉ. अमित यादव ने पूरे कार्यक्रम को मूर्त रूप दिया। डॉ. संतान कुमार राम, डॉ. मनीष सोनकर ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## आईटीआई चतुर्थ चरण

### प्रवेश के लिए अन्तिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित

**गाजीपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर एवं सैदपुर सहित जिले के समस्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में चतुर्थ चरण में प्रवेश प्रक्रिया की अन्तिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है। जिसमें अभ्यर्थियों को वेबसाइट http:www.scvt-up.in चौथे चरण के लिए रैंकह्व क्लिक करने पर दो विकल्प पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थी एवं नवीन पंजीकृत अभ्यर्थी की रैंक प्राप्त होंगे। अभ्यर्थी को उसमें पंजीकृत संख्या एवं जन्मतिथि की प्रविष्टि करने पर उसकी रैंक प्रदर्शित होगी। प्रिन्ट आउट प्राप्त कर अभ्यर्थी जनपद में दिए गए संस्थानों एवं व्यवसायों के सापेक्ष उपलब्ध रिक्त सीटों के सापेक्ष राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सैदपुर में पूर्व निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए 20 सितंबर तक जमा करना सुनिश्चित करें।

ऐसे अभ्यर्थी जो राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गाजीपुर/सैदपुर में प्रवेश लेने हेतु इच्छुक हैं, वे 21 सितंबर को प्रातः 10 बजे समस्त दस्तावेजों के साथ राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजीपुर में उपस्थित होकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर अवगत कराया जाएगा।

## सकरताली, सेमराचक, फैज, चौकिया के घरों से किया गया मिट्टी संग्रहित

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**



गाजीपुर सदर मंडल पश्चिमी के मंडल अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत शुक्रवार को बूथ संख्या- 134 सकरताली, 137 सेमरा चक, फैज, 130, 131 चौकिया गांव के प्रत्येक घरों से मिट्टी या एक चिटकी चावल संग्रहीत किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शशिकांत शर्मा ने कहा कि यह देश कृतज्ञ हैं। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का जिनके त्याग, तपस्या व बलिदान के कारण हम आजादी का अमृत काल मना रहे हैं। हम नतमस्तक हैं, अपने कोटि-कोटि वीर बलिदानियों का जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान कर हमें आजादी दिलाई।

लोकसभा विस्तारक रवि प्रकाश जी ने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व निर्देशन में संचालित यह कार्यक्रम जनजन में राष्ट्र भक्ति का अलख जगाने का कार्य किया है। कार्यक्रम को लेकर महिलाओं तथा बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। जिन्होंने भारत माता की जय एवं वंदेमातरम का जय घोष किया।

इस अवसर पर जिला मंत्री एवं विधानसभा संयोजक सुरेश बिंद, मंडल महामंत्री मुरली कुशवाहा, सोमारु चौहान, अनुराग प्रजापति, गुड्डू राम, सूर्यनाथ यादव, मंगल कुशवाहा, अजीत प्रजापति, चंद्रमा बिंद, सोनू यादव आदि ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## हर हर महादेव के उदघोष के साथ तीन दिवसीय जन्मोत्सव समारोह संपन्न

**केटी न्यूज/ चहनियां (चंदौली)**



महाकापालिक अघोरेश्वर संत बाबा कीनाराम जी का तीन दिवसीय जन्मोत्सव समारोह हर हर महादेव बाबा कीनाराम जी के गगन भेदी जयघोष के साथ संपन्न हो गया।

अघोराचार्य संत बाबा कीनाराम जी का 424 वां जन्मोत्सव समारोह के तीसरे व अंतिम दिन शुक्रवार को चार बजे अल सुबह बाबा की आरती , भजन, कीर्तन, रामायण पाठ के साथ दर्शन पूजन की शुरूआत हुई जो दिनभर श्रद्धालुओं द्वारा घंटा घड़ियाल बजा कर जयकारा के साथ बाबा कीनाराम जी को फूल माला , चढ़ाकर आशीर्वाद लिया

मंच पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकनाथ महाविद्यालय रामगढ़ की छात्राओं ने बाबा कीनाराम जी की मनमोहक सोहर , भजन प्रस्तुत कर भक्तो को मंत्रमुग्ध कर दिया , । अमर ज्योति विकलांग विद्यालय हरिहरपुर के बच्चो ने अपने अंदाज में भजन लोकगीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्र म में प्रस्तुत किया । इसी प्रकार मंच से लोकप्रिय भजन गायक मंगला पाठक , हरिशंकर तिवारी , सहित अन्य नामचीन भोजपुरी गायक कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ,के साथ देवेंद्र सिंह मुन्ना, आनंद सिंह हलचल , ध्रुव मिश्रा, जयप्रकाश सिंह बबलू एवं भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह , आदि नेताओ ने बाबा का दर्शन पूजन किया । मठ परिसर स्थित भंडारे में बाबा कीनाराम जी के हजारों भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया । उधर मेला परिसर में काफी भीड़ रही चाट , जलेबी , मिठाइयों , गुब्बारे , चरखी, झूला समेत अन्य दुकानों पर पुरुषों , महिलाओं , बच्चों की भीड़ देखने लायक थी। पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चाक चौबंद रही ।

## एक दिवसीय संकुल शिक्षकों की त्रैमासिक बैठक का शुभारम्भ

# जिले को निपुण बनाना सभी की जिम्मेदारी: उप शिक्षा निदेशक

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**




सैदपुर डायट पर उप शिक्षा निदेशक उदयभान की अध्यक्षता में एक दिवसीय संकुल शिक्षकों की त्रैमासिक बैठक का शुभारम्भ किया गया। जिसमें ब्लाक मरदह, जमानिया, भदौरा, नगर एवं सदर के 200 से अधिक संकुल शिक्षकों ने भाग लिया।

जनपद स्तर पर डायट में आयोजित त्रैमासिक शिक्षक संकुल बैठक के लिए महत्वपूर्ण एजेंडा बिन्दुओं पर चर्चा परिचर्चा की गई। जिनमें 31 दिसंबर तक शिक्षक संकुल विद्यालयों को निपुण विद्यालय बनाने के सन्दर्भ में संकुल विद्यालयों की अद्यतन स्थिति। शिक्षक संकुल विद्यालयों को निपुण बनाने की कार्ययोजना। शिक्षक संकुल विद्यालयों में निपुण लक्ष्य, निपुण सूची एवं निपुण तालिका के संबंध में चर्चा। शिक्षक संकुल बैठकों को प्रभावी बनाने के संबंध में चर्चा और दीक्षा ऐप विभाग द्वारा प्राप्त शिक्षण सहायक सामग्री के उपयोग आदि के संदर्भ में चर्चा। उप शिक्षा निदेशक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में इस त्रैमासिक संकुल बैठक के उद्देश्य एवं महत्व आदि पर बेहतरीन प्रकाश डाला और ज़िले को निश्चित समय अवधि में निपुण ज़िला बनाने के लिए कार्ययोजना के अनुसार दृढ़ संकल्प से काम करने की हिदायत दी। आज की संकुल मीटिंग में सभी ठढफ्ठ के हेड संकुल शिक्षकों ने अपनी ठढफ्ठ की तरफ से कार्ययोजना और ठढफ्ठ की अद्यतन निपुण स्थिति को पेश किया।

बैठक को वरिष्ठ प्रवक्ता राजीव पाठक,डायट प्रवक्ता डा0 मंजर कमाल, डा0 सर्वेश राय, आलोक कुमार, डा0 अर्चना सिंह, हरिओम यादव और शिव चौहान आदि ने संबोधित किया। बैठक के नोडल संबंधित ब्लॉक के डायट मेंटर्स रहे। इसी क्रम में डा0 मंजर कमाल ने मरदह ब्लॉक के नोडल की भूमिका अदा की। प्रवक्ता आलोक तिवारी, राकेश यादव, बृजेश कुमार, नवल गुप्ता, सुमन तिवारी के अलावा संकुल शिक्षक दिलीप कुशवाहा, रवींद्र मौर्य, हसीनजहाँ, गायत्री राय,

## एक नजर

### भाजपा नेता ने निराश्रित पशुओं को पकड़ने के लिए बीडीओ को पत्रक सौंप लगाई गुहार



**गाजीपुर।** मरदह ब्लाक के गोविन्दपुर मठिया सहित अन्य गांवों में निराश्रित पशुओं के काफी संख्या में जमावड़े से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। इससे त्रस्त किसानों ने भाजपा नेता चतुर्भुज चौबे के नेतृत्व में मरदह बीडीओ अरुण वर्मा को पत्रक सौंपकर तत्काल निराश्रित पशुओं की धरपकड़ कराने की मांग की। किसानों ने बताया कि पूर्व में दर्जनों बार निराश्रित पशुओं को पकड़ने की गुहार लगा चुके है। कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सूखे की मार से किसान परेशान हैं, वही दूसरी ओर पशु फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। तत्काल पशुओं को नहीं पकड़े जाने पर किसानों ने बीडीओ कार्यालय के समक्ष धरना -प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर चतुर्भुज चौबे, चंद्रभूषण चौबे, रघुनन्दन चौबे, दिनेश चौबे, रवींद्रनाथ चौबे, सुदर्शन चौबे, रौशन चौबे आदि रहे।

### अनियंत्रित बाइक से गिरकर महिला की मौत



**गाजीपुर।** मरदह -कासिमाबाद मार्ग पर डोड़सर गांव के पास अपने भाई के साथ बाइक पर बैठकर अपने गांव करहा थाना मुहम्मदाबाद गोहना मऊ जा रही किरन कन्नौजिया (38) पत्नी श्रीकांत कन्नौजिया की बाइक से अनियंत्रित होकर गिरने से सिर में गम्भीर चोट लगने से मृत्यु हो गई। शिवा कन्नौजिया अपनी बहन किरन कन्नौजिया एवं किरन की पुत्री केतर को बैठाकर मरदह थाना के डोड़सर गांव स्थित रिश्तेदारी से अपने घर जा रहा था। मरदह -कासिमाबाद मार्ग पर बाइक के पीछे बाधा गया बैग को सम्हालने में किरन कन्नौजिया अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे सिर में गम्भीर चोट लगने से अचेत हो गई। उपचार के लिए मरदह सीएचसी पर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मरदह थानाध्यक्ष सुरेन्द्रनाथ सिंह ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद मरदह सीएचसी पर जुटे किरन के रिश्तेदारों को रोने -बिलखने से शोक की लहर दौड़ गई।

### चलती ट्रेन से उतर रही महिला घायल

**पीडीडीयू नगर (चंदौली)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की शाम चलती ट्रेन से उतरते समय पैर फिसलने से महिला नीचे गिर पडी.। फिसलते हुए प्लेटफार्म के नीचे ट्रेन के पहिए के समीप पहुंच गई। वह पहिए और प्लेटफार्म के बीच दुबकी रही और पूरी ट्रेन गुजर गई। इस घटना में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। आरपीएफ और जीआरपी ने महिला को अस्पताल पहुंचाया। यहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। दरअसल महिला पूरे परिवार के साथ सिकंदराबाद जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुई थी। जब ट्रेन चली तो पता चला कि अप के बजाए वह डाउन ट्रेन में सवार हो गई है। यह ट्रेन सिकंदराबाद से आ रही है। इसके बाद वह चलती ट्रेन से उतरने लगी कि घटना हो गई।

### नगर के पुलिस चौकी व शंकर मोड़ के पास लगे हाई मास्ट का हुआ शुभारंभ



**चंदौली।** नगर पंचायत चंदौली के पुलिस चौकी के पास राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह के निधि से लगाए गए ही मास्ट का शुभारंभ नगर के भाजपा नेता सोमारू विश्वकर्मा व नगर पंचायत के भाजपा प्रत्याशी रहे ओम प्रकाश सिंह वह शंकर मोड़ के पास राम नगीना गुप्ता ने किया। जहां लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर इसका इजहार भी किया।

इस दौरान ओम प्रकाश सिंह ने कहा पुलिस पुलिस चौकी के पास लगने के चलते काफी राहत मिलेगी। आसपास का अंधेरा दूर होगा और रोशनी से पूरी तरह से चौराहा जगमगा उठेगा। सोमारू विश्वकर्मा ने कहा कि राज्यसभा सांसद दर्शना सिंह की ओर से नगर में अंधेरा दूर करने के लिए पुलिस चौकी और शंकर मोड़ के पास हाई मास्ट लगाया गया है। यह एक सराहनी पहल है।इसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। इस दौरान शिवबचन सिंह, राम नगीना गुप्ता हरिद्वार सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### चंदौली में दस दिन ड्यूटी के बाद पुलिस कर्मियों को मिलेगी एक छुट्टी

**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक डा.अनिल कुमार द्वारा पुलिस बल की अनवरत ड्यूटी एवं वर्तमान परिस्थितियों में उत्पन्न कठिनाइयों, चुनौतियों व कर्मियों के मानसिक तनाव को देखते हुए प्रत्येक 10 दिन की ड्यूटी पर आफ ड्यूटी दिवस लागू किया जा रहा है। इसके लागू होने से पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य, सेहत, स्वच्छता एवं मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति बेहतर होगी, जिससे वह विभाग को अपनी बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि यह सुविधा प्रत्येक अराजपत्रित कर्मी, जिनमें थाना प्रभारी सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मी भी शामिल है जो थाना या यातायात शाखा में नियुक्त हैं उन पर लागू होगी। ऑफ ड्यूटी दिवस लगातार 09 दिवस ड्यूटी के उपरान्त दसवें दिन प्रभावी होगा, जो कर्मी अवकाश से लौटे है, उन्हें 09 दिवस कार्य करने के उपरान्त ही ऑफ ड्यूटी दिवस मिलेगा। किसी कर्मी को माह में 03 से अधिक ऑफ ड्यूटी दिवस देय नहीं होगा। ऑफ ड्यूटी दिवस प्रातः 08 बजे से अगले दिन प्रातः 08 बजे तक की अवधि तक के लिए होगा।

### नौजवानों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**चंदौली।** भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला इकाई चंदौली के नेतृत्व में शुक्रवार को नौजवानों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत चंदौली जिले में भी बढ़ती बेरोजगारी के खिलाफ व रोजगार की संवैधानिक गारंटी के लिए जनवादी सभा ने आवाज बुलंद की। साथ ही सरकारी संस्थानों में खाली पड़े पदों पर तत्काल भर्ती की मांग की। इसके अतिरिक्त सरकारी संस्थानों का निजीकरण बंद किया जाय, जाति-धर्म के आधार पर देश में हो रहे हिंसा पर रोक लगाने की आवश्यकता जताई। वहीं बंद पड़े सरकारी व गैर सरकारी कल कारखानों को तत्काल शुरू किया जाय। कलेक्ट्रेट पहुंचकर सात सूत्रीय ज्ञापन प्रशासनिक अफसर को सौंपा। इसके साथ ही आंदोलनरत नौजवानों ने लोकल मुद्दों को भी मजबूती के साथ उठाया। कहा कि जनपद के सूखाग्रस्त बबुरी क्षेत्र के नहर व माइनर को गंगा नहर से जोड़ा जाए। साथ ही चंदौली ब्लाक के हड़रिका गांव में रास्ता, नाली व नियमताबाद ब्लाक के सरने दलित बस्ती में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण की जरूरत है। संगठन के राज्य सचिव साथी गुलाब चन्द ने कहा की आज मोदी सरकार की युवा विरोधी नीतियों के कारण भयंकर रूप से बेरोजगारी बढ़ी है, साथ ही सरकार द्वारा सरकारी भर्ती प्रक्रिया को लगभग बंद ही कर दिया है और बढ़ती मंहगाई के कारण नौजवानों के सामने जिंदगी जीने का संकट खड़ा हो गया है और सरकार अपने सांप्रदायिक नीतियों को आगे बढ़ाने में लगी हुई है।